## संपादकीय

### आयोग की बंदिशों को दरकिनार कर प्रचार

लोकतंत्र का कुम्भ चल रहा है और हर कोई इसमें अपनी प्रार्थना के साथ डुबकी लगा रहा है। प्रचार के रोजाना नए तरीके आ रहे हैं और व्यापार के भी। और इन सबके बीच चुनाव आयोग घर का मुखिया बनकर आगे आता है, जिसकी मंजूरी के बिना कोई काम नहीं हो सकता। चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बनी फिल्म के प्रदर्शन पर चुनाव ख़त्म होने तक रोक लगा दी है। आयोग के अनुसार चुनाव के दौरान फिल्म का प्रदर्शन आचार संहिता का उल्लंघन माना जायेगा। चुनाव आयोग के हस्तक्षेप के बाद फिल्म का प्रदर्शन तो रुक गया लेकिन यह हस्तक्षेप अपने साथ ढेर सारे सवाल और मुद्दे छोड़ गया। सबसे पहला मुद्दा तो यह कि फिल्म को जितना प्रचार आम दिनों में मिलता, उससे ज्यादा उसे प्रदर्शित होने या न होने के विवाद के बाद मिल गया। जिस भी पार्टी को जितना नफा-नुकसान होना था, वो भी हो ही लिया। लेकिन इस सवाल से भी बड़ा सवाल ये है कि देश के गिने चुने सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने से किसी फिल्म को जितने दर्शक मिलते, उससे कहीं ज्यादा आज के समय में यूट्यूब और अन्य वीडियो प्लेटफार्म पर उपलब्ध हैं। यूट्यूब पर चल रहे चुनाव प्रचार का गहराई से विश्लेषण करें तो साफ होता है कि यूट्यूब पर बहुत कुछ ऐसा है जो चुनाव आयोग के नियमों से मुक्त है। हाल में आये आंकड़ों के मुताबिक भारत यूट्यूब प्रयोक्ताओं के मामले में अमेरिका से आगे निकल गया है। भारत में करीब 26 करोड़ पचास लाख सक्रिय मासिक प्रयोक्ता हैं यूट्यूब के। 2020 तक यूट्यूब के भारतीय प्रयोक्ताओं की तादाद 50 करोड़ के पार जा सकती है। गौर करने की बात यह है कि इस बढ़ोतरी में से अधिकांश बढ़ोतरी छोटे शहरों से आयी है। अब भारत में दस लाख से ज्यादा सब्सक्राइबरों वाले चैनलों की तादाद 1200 है। पांच साल पहले यह संख्या सिर्फ 15 थी। और भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यूट्यूब पर देखे गये वीडियो में से 95 प्रतिशत क्षेत्रीय भाषाओं में हैं। इस आम चुनाव में भी यूट्यूब और इन्टरनेट के इस्तेमाल को बखूबी देखा जा सकता है। जहां एक तरफ मुख्य मीडिया में आकर अपना प्रचार करना, विज्ञापन देना या वीडियो दिखाना चुनाव आयोग की परिधि में आ सकता है लेकिन सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर पूरी आजादी के साथ दिखाया जा सकता है। इस समय सभी प्रमुख दल अपने प्रचार के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं। यूट्यूब पर कई फिल्में ऐसी लोड होती हैं, जिनका सीधा ताल्लुक किसी राजनीतिक दल से नहीं है पर उन्हें किसी राजनीतिक दल के समर्थक द्वारा बनाया गया है। उसका संदेश साफतौर पर पहुंच जाता है कि फिल्म क्या कहना चाहती है। नियम के तहत इस तरह के मैटर, गीत आदि को किसी पार्टी से सीधे तौर पर नहीं जोड़ा जा सकता पर उसका आशय वही है किसी एक पार्टी या व्यक्ति विशेष की वकालत करना। सुपरटोन डिजिटल का एक वीडियो है, जिसमें मैं भी चौकीदार के संदेश के साथ एक गायिका गीत गा रही है। इस गीत को 12 अप्रैल 2019 करीब छह बजे शाम तक नौ लाख से ज्यादा लोग देख चुके थे।

# सत्ता की मस्ती और निचली बस्ती

आज नेताजी का निचली बस्ती में चुनावी दौरा है। इन बस्तियों में जाना मजबूरी है। सत्ता की ओर जाने वाली पगडंडी इन बस्तियों से होकर जो गुजरती है। जल्दी-जल्दी तैयार होते हैं। पत्नी इतनी गर्मी में जैकेट पहनने से मना करती है। पर जैकेट न पहनें तो नेता कैसे दिखेंगे! मेकअप को लास्ट फिनिशिंग टच देते हुए पत्नी विदेशी परफ्यूम का स्प्रे कर देती है पूरे बदन पर। बस्तियों में रसायन-सी फैली दुर्गंध से ये खुशबू ही न रक्षा करेगी।

थोड़ी देर में नेताजी का काफिला बस्ती में प्रवेश कर जाता है। जयकारे के शोर से



सराबोर और मीडिया के कैमरों से घिरे नेताजी हाथ जोड़े एक-एक दरवाजे पर हाजिरी लगाते जा रहे हैं। सदाबहार रौबीले चेहरे पर आज फेस क्रीम की तरह पुती भिखारी की सी दयनीयता! होंठों पर खिसियानी हंसी! दयनीयता और खिसियानी हंसी का कॉकटेल दबंग काठी में लिजलिजे दासत्व का भाव घोल देता है। लोगों को आशीर्वादी मुद्रा में हाथ हिला-हिला कर 'अच्छे' दिनों के सपने दिखाते जा रहे हैं। आगे एक चौखट के पास महीन किंकियाहट उभरती है- सर, चार साल से बेकार हैं। नेताजी की तिलमिलाती नजरें उधर जाती हैं। पलक झपकते चमचे युवक को खींच कर भीड़ से बाहर ठेल देते हैं। वीडियो क्लिप से इस ठेलने के सीन को डिलीट कर दिया जाता है।

नेताजी राहत की सांस लेते हैं-देश संकट से गुजर रहा है। सीमा पर तनाव छाया है। अभी सिर्फ देशभक्ति की बात कीजिये। बोलिये भारत माता की जय! जयघोष के साथ काफिला शनैः-शनैः आगे बढ़ रहा है।

कुछ आगे चौखट पर एक महिला खड़ी है। गोद में दो साल का बच्चा! नेताजी जोश में बच्चे को अपनी बाहों में लेकर दुलारने का छद्म करते हैं। बाहों में आते ही बच्चे का लघुशंका निस्तारण। जैकेट उनके चरित्र की तरह दागदार हो जाती है। नेताजी धक से रह जाते हैं..इस्स ! मन ही मन दांत पीसते हुए प्रकट में दांत निपोर देते हैं। खास चमचा संकेत से देह पर स्प्रे किये परफ्यूम की याद दिलाता है। प्यास से कंठ सूखने लगा है। पानी..! इसके पहले कि कई सारे पानी भरे लोटे उनकी ओर बढ़ते, बिसलेरी की बोतल होंठों से लग चुकती है।

एक घंटे के धुआंधार बस्ती-भ्रमण से नेताजी की पूरी देह पसीने से चिपचिपा गयी है। एसी के बाहर की कैक्टसी धूप की चुभन से दिमाग भन्ना गया है। इस इलाका के राजा हैं वे। एक राजसी नेता को ऐसी कठिन अग्नि परीक्षा में झोंकना शोभा देता है जनता को! मन ही मन चुनाव आयोग को लानत भेजते हैं और सोचते हैं- महीना-बीस दिन की बात है, जीत जाने पर पांच साल तक फिर एसी में बंद!

## सोना खरीदना हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** गुरुवार के कारोबार में सोने की कीमतों में इजाफा देखने को मिला है। दिन का कारोबार खत्म होने पर सोना 150 रुपये की तेजी के साथ 32,870 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ है। ऑल इंडिया सर्राफा एसोसिएशन के मुताबिक राष्ट्रीय राजधानी में ज्वैलर्स की ताजा खरीदारी से कीमतों में इजाफा देखने को मिला है। सोने की ही तरह चांदी की कीमतों में भी तेजी देखने को मिली है। आज के कारोबार में चांदी 295 रुपये के उछाल के साथ 38,520 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बंद हुई है। चांदी की कीमतों में तेजी की वजह औद्योगिक इकाईयों और सिक्का निर्माताओं की ओर से तेज उठान रही है। कारोबारियों का कहना है कि स्थानीय



आभूषण विक्रेताओं की लिवाली और रुपये में गिरावट जो कि डॉलर के मुकाबले 70 के स्तर तक पहुंच गया के कारण सोने की कीमतों में तेजी दिखी है। गुरुवार के शुरुआती कारोबार में रुपया 22 पैसा लुढ़ककर डॉलर के मुकाबले 70.08 के स्तर पर पहुंच गया। इसकी प्रमुख वजह वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के बढ़ते दाम और आयातकों की ओर से अमेरिकन करेंसी की बढ़ी मांग है।

## निफ्टी 11650 के नीचे हुआ बंद, अल्ट्रासेमको रहा टॉप गेनर

**नई दिल्ली।** गुरुवार के कारोबारी सत्र में भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए हैं। दिन का कारोबार खत्म होने पर सेंसेक्स 323 अंकों की गिरावट के साथ 38,730 के स्तर पर और निफ्टी 84 अंकों की गिरावट के साथ 11,641 के स्तर पर कारोबार कर बंद हुआ है। निफ्टी 50 में शुमार 50 शेयर्स में से 11 हरे और 39 लाल निशान में कारोबार कर बंद हुए हैं। इंडेक्स की बात करें तो निफ्टी का मिडकैप 0.38 फीसद की गिरावट और स्मॉलकैप 0.01 फीसद की गिरावट के साथ बंद हुए हैं। सेक्टोरियल इंडेक्स का हाल- आज के कारोबार में निफ्टी ऑटो 0.67 फीसद की गिरावट हुई।

## पीएनबी खाताधारक कृपया ध्यान दें, बस 1 मिस्ड कॉल से हो जाएगा आपका काम

**नई दिल्ली।** आज के दौर में लोगों के पास समय की काफी कमी है और बिजी लाइफ में किसी के लिए भी बैंक जाकर



अकाउंट संबंधी जानकारी लेना बहुत मुश्किल भरा काम है। अब आपको इसके लिए चिंता करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि पंजाब नेशनल बैंक (क्क्क्) अपने ग्राहकों को घर बैठे जानकारी लेने के लिए खास सर्विस देता है। अब आप सिर्फ मिस कॉल के जरिए घर बैठे ही अपने पंजाब नेशनल बैंक के अकाउंट से संबंधित जानकारी ले सकते हैं।

पंजाब नेशनल बैंक की मिस कॉल सर्विस उन ग्राहकों के लिए उपलब्ध हैं, जिन्होंने अपने मोबाइल नंबर को बैंक अकाउंट के साथ रजिस्टर्ड किया हुआ है। इस सर्विस के लिए आपको सिर्फ अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से टोल फ्री नंबर 1800 180 2223 और 0120-2303090 पर मिस कॉल करनी होगी। इसके बाद बैंक की तरफ से भेजे गए एसमएमस में अकाउंट में मौजूदा शेष बैलेंस की जानकारी देख सकते हैं।

## विंडीज़ टीम में हुई आंद्रे रसेल की वापसी, पोलार्ड को नहीं मिली जगह

**बारबाडोस।** वेस्टइंडीज़ ऑलराउंडर आंद्रे रसेल को वेस्टइंडीज़ की आईसीसी विश्वकप टीम में शामिल किया गया है जबकि कीरोन पोलार्ड और मार्लोन सैम्युअल्स जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को ब्रिटेन का टिकट नहीं मिला है। रसेल ने वर्ष 2015 के बाद से वेस्टइंडीज़ के लिये केवल एक वनडे मैच खेला है, लेकिन वह 30 मई से इंग्लैंड एंड वेल्स में खेले जाने वाले विश्वकप के लिये अपनी राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। वहीं दो वर्ष पूर्व अपना आखिरी वनडे खेलने वाले तेज़ गेंदबाज़ शैनन गैबरिएल की भी विश्व टीम में वापसी हुयी है। एविन लुईस और केमर रोच चोट के कारण इंग्लैंड



के खिलाफ सीरीज़ में नहीं खेले थे लेकिन विश्वकप टीम में वापसी कर रहे हैं। इंडियन प्रीमियर लीग में कोलकाता नाइटराइडर्स के लिये खेल रहे अबूझ स्पिनर सुनील नारायण की भी चयनकर्ताओं ने अनदेखी की है।

## 6 मैच हारना दुखद, अपने खेल का आनंद लेना चाहते हैं : कोहली

**बेंगलुरू।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 12वें संस्करण में किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ जीत हासिल करने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कप्तान विराट कोहली ने कहा है कि लगातार हार झेलना निराशाजनक रहता है, लेकिन वह इस जीत से काफी खुश हैं।





कोहली ने कहा है कि उनकी टीम के खिलाड़ी लीग में मैचों का आनंद लेना चाहते हैं। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करने वाली बेंगलोर ने एक समय 81 रनों पर ही अपने चार विकेट खो दिए थे, लेकिन उसके बाद अब्राहम डिविलियर्स ने नाबाद 82 और मार्कस स्टोइनिस ने नाबाद 46 रनों की पारी खेल टीम को चार विकेट के नुकसान पर 202 का स्कोर प्रदान किया। बेंगलोर के गेंदबाजों ने पंजाब को 20 ओवरों में सात विकेट के नुकसान पर 185 रनों पर सीमित कर 17 रनों से जीत हासिल की। मैच के बाद कोहली ने कहा, हमने अपने आखिरी पांच में से चार मैच जीते हैं। यह पांच में से पांच हो सकते थे। हम अपने खेल का आनंद उठाना चाहते हैं। यह एक और मैच था जो शानदार था। हमारी टीम का ध्यान सिर्फ अच्छी क्रिकेट खेलने पर है। हम जानते हैं कि हमारी टीम अच्छी है। लगातार छह मैच हारने से हम सभी दुखी थे। मोहाली से पहले ब्रेक ने हमारी काफी मदद की। डिविलियर्स और स्टोइनिस ने पांचवें विकेट के लिए 121 रनों क ी

## हम दबाव के पलों में अच्छा नहीं कर पाए : अश्विन

**बेंगलुरू।** किंग्स इलेवन पंजाब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 12वें संस्करण में बुधवार रात खेले गए मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ अच्छी शुरुआत करने के बाद भी हार गई। पंजाब के कप्तान अश्विन ने इस हार के लिए सिर्फ एक-दो कारणों को जिम्मेदार नहीं बताया है बल्कि



उनका कहना है कि मैच में कई ऐसे पल थे जहां वह हावी हो सकते थे लेकिन उनकी टीम ऐसा नहीं कर पाई। पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करने वाली बेंगलोर के चार विकेट 81 रनों पर ही चटका दिए थे, लेकिन इसके बाद अब्राहम डिविलियर्स ने नाबाद 82 और मार्कस स्टोइनिस ने नाबाद 42 रनों की पारी खेल बेंगलोर को 200 के पार पहुंचाया।

मैच के बाद अश्विन ने कहा, कई ऐसे पल हैं जिन्हें देखकर मुझे लगा कि हम मैच हार गए, लेकिन ईमानदारी से कहूं तो टी-20 वो प्रारुप है जहां आपको इन दबाव के पालों पर जीत हासिल करनी होती है। हम आखिरी के कुछ मैचों में इन्हीं तरह की स्थितियों पर जीत हासिल नहीं कर पाए। अगर हम उन पलों में हावी रहते तो हमारे शायद और ज्यादा अंक होते, शायद चार अंक।

## आज का राशिफल

मेषः ग्रह-नक्षत्रों के माध्यम से लगता है नियति आज आप पर मेहरबान है, आज भाग्य आपका प्रबल है।

वृषभः आज महत्वपूर्ण निर्णय लेने से पहले विचार अवश्य करें या फिर किसी भरोसेमंद व्यक्ति की सलाह लें। तेज गति से वाहन न चलाएं, साथ ही तेज गति के वाहन से बचकर चलें।

मिथुनः अपने जीवनसाथी की राय को महत्व दें। व्यापार-व्यवसाय व कार्यक्षेत्र में लाभ, उच्चस्तरीय एवं सहयोगी व्यक्ति यों से भेंट लाभाकरी होगी।

कर्कः आज आपके शत्रु आपसे दूर भागेंगे। जद्दोजहद एवं परिश्रम से आप सफलता के शिखर तक पहुंच सकेंगे। बेरोजगारों को रोजगार की प्राप्ति में सफलता मिलेगी।

सिंहः आज आपकी बुद्धि एवं कल्पनाशक्ति का विकास होगा। संतान से कोई अच्छा समाचार आपको प्रसन्न रहेगा। मन प्रफुल्लित रहेगा, कार्य में मन लगेगा।

कन्याः आज मुलाकात किसी विपरीत मानसिक विचारों वाले व्यक्ति से हो सकती है, अतः सचेत रहें।

तुलाः आज युवाओं को कारोबार, नौकरी की तलाश में सफलता मिलेगी। अधिकारी सहायता करेंगे, मनोकामनाएं पूर्ण होंगी।

वृश्चिकः ग्रह-नक्षत्र संकेत दे रहे हैं कि आज आपके सितारे उत्कर्ष पर हैं। धन व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। सभी कार्य मन के अनुकूल होने पर मन प्रसन्न रहेगा, धन निवेश लाभदायक।

धनुः आज आपके सभी कार्य पूर्ण होंगे। यात्रा लाभप्रद रहेगी, सुख, आनंद व रोग मुक्ति के योग बन रहे हैं।

मकरः नई योजनाओं पर अल्पविराम लगाएं, कार्यों में विघ्न-बाधाओं के संकेत प्राप्त हो रहे हैं। अत्यधिक व अनावश्यक खर्च से बचें।

कुंभः व्यक्ति गत व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। जिस किसी से आप मिलेंगे उसके स्वभाव में विनम्रता, मधुरता तथा मेल-जोल की झलक दिखाई देगी।

मीनः आज कार्य की प्रबलता रहेगी। जीवन के प्रति आज आपकी सकारात्मक सोच कोई नई उपलब्धि दिला सकती है।

## कच्चे आम का सलाद

कच्चे आम से कई सारी डिशेज़ तैयार की जा सकती है जिसमें से एक है सलाद। जिसे आप लंच में सर्व करें। चटपटे सलाद के साथ खाने का मज़ा हो जाएगा दोगुना।

### सामग्री :



1/2 कप छोटे टुकड़ों में कटा कच्चा आम, 1 बारीक कटा खीरा, 1 टीस्पून चाट मसाला, 1 नींबू का रस, चुटकीभर चीनी या शहद, 1/2 टीस्पून गरम मसाला, 1 बारीक कटा प्याज, 1/2 कप रोस्टेड मूंगफली, गॉर्निशिंग के लिए ताजा धनिया, नमक स्वादानुसार, चटकीभर काला नमक, 1/2 टीस्पून ऑरगेनो, 1/2 टीस्पून ताज़ी थाइम

### विधि :

सबसे पहले एक बोल में खीरा, प्याज और कच्चा आम डालकर अच्छी तरह मिलाएं।

अब इसमें रोस्टेड मूंगफली, नींबू का रस, चाट मसाला, नमक, काला नमक, गरम मसाला, ऑरगेनो थाइम और शहद डालकर मिलाएं।

इस सैलेड को दाल-राइस के साथ खाएं। इसका फिर ब्रूशेटा बनाकर बच्चों को खिलाएं। ऊपर से धनिया डालकर गार्निश करना न भूलें।


## शब्द सामर्थ्य-45

**बाएं से दाएं :**

1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सुनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरिया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**

1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 44 का हल



## सू-दोकू-45



**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र 44 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |